विद्या मन्दिर देवरिया में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस, आयोजित हुये कई कार्यक्रम

देवरिया।। विद्या भारती पूर्वी उ0 प्र0 द्वारा संचालित विद्यालय सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मन्दिर देवरिया खास देवरिया में कल 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रातःकाल प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्व सिंह, उप प्रधानाचार्य श्री जगदीश प्रसाद एवं वरिष्ठ प्रवक्ता जीव विज्ञान श्री अखिलेश दीक्षित द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत के द्वितीय उप राष्ट्रपति डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में अतिथि परिचय व कार्यक्रम की उपादेयता विद्यालय के आाचार्य श्री अक्षयवर पति त्रिपाठी ने बताया। प्रार्थना सभा में छात्रों को सम्बोधित करते हुये प्रधानाचार्य जी ने कहा कि बालक की प्रथम गुरु उसकी माता होती है लेकिन जब बालक विद्यालय में आता है तो अनेक गुरुओं से ज्ञान प्राप्त करता है आचार्य के आचरण का उस बालक पर इतना प्रभाव पड़ता है कि वह उनके आचरण को अपना आदर्श बना लेता है और उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करता है। हमें भी ऐसे उच्च आदर्श स्थापित करने चाहिये जिससे की दूसरों को उससे प्रेरणा मिल सके। आचार्य दीक्षित जी ने छात्रों को राधाकृष्णन का जीवन परिचय बताते हुये उनके जीवन से सम्बन्धित अनेक घटनाओं को उल्लेख करते हुये उनके कृत्यों को बताया । आगे उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे उनको उप राष्ट्रपति चुना गया तथा कैसे वे सोवियत संघ में भारत के राजदूत बने। प्रार्थना सभा के कार्यक्रम के पश्चात विद्या भारती योजनानुसार आचार्यों की एक निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यालय के समस्त आचार्यों ने प्रतिभाग किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने अपनी–अपनी कक्षाओं में शिक्षक बन शिक्षण कार्य भी किया। इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान हेतु विद्या मन्दिर प्रबन्ध समिति द्वारा एक सम्मान कार्यक्रम का भी आयोजन किया जिसमें विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री अशोक श्रीवास्तव, प्रबन्धक श्री मुन्नीलाल शर्मा, प्रधानाचार्य अनिरुद्व सिंह, प्रधानाचार्य सतीश चन्द्र , प्रधानाचार्य श्री रविन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आचार्यों एवं विद्यालय के कर्मचरियों को उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर बाल विकास समिति द्वारा नगर में संचालित समस्त विद्यालयों के आचार्य /आचार्या एवं कर्मचारी बन्धु भगिनि उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य